卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवहिं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 293 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦31 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ट्रेन में आरपीएफ जवान ने एएसआई समेत चार लोगों को गोलियों से भूना

मुंबई(उद ब्यूरो)। जयपुर से मुंबई आ रही ट्रेन में ताबड़तोड़ फायरिंग हुयी है। पालघर रेलवे स्टेशन के पास आरपीएफ के जवान ने ट्रेन में सवार आरपीएफ के एएसआई समेत 4 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सोमवार तड़के 5 बजे की है। गोली चलाने वाले आरोपी जवान चेतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि पालघर स्टेशन पार करने के बाद आरीपएफ जवान चेतन सिंह चलती ट्रेन में आरपीएफ के एक एएसआई और तीन अन्य यात्रियों को गोली मार दी। इसके बाद आरोपी जवान ने ट्रेन की चेन खिंचकर बोरिवली स्टेशन के पास ट्रेन से कूद गया। हालांकि ओरोपी जवान को भागने से पहले ही हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक सीनियर एएसआई टीकाराम मीणा मूल रूप से राजस्थान के सवाई माधोपुर के श्यामपुरा गांव के रहने वाले थे। उनकी पोस्टिंग आरपीएफ गुजरात में थी। फायरिंग करने वाला आरोपी आरपीएफ गुजरात का ही कॉन्स्टेबल है। दोनों की एस्कॉर्ट (शेष पृष्ठ सात पर)



## दून में महिला की हत्या सड़क पर मिला शव

### महिला के साथ दुष्कर्म भी होने की आशंका

देहरादून (उद संवाददाता)।हाथीबड़कला क्षेत्र में महिला की हत्या कर दी गई। सेंटीरियो मॉल के सामने सड़क पर महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला के सिर और पैर में गहरी चोट के निशान है। पुलिस ने शक के आधार पर सामने के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। महिला के साथ दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है।जानकारी के मुताबिक हाथी बड़कला क्षेत्र में स्थित सेंटीरियो मॉल के सामने सड़क पर महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आस पास के लोगों से महिला के बारे में जानकारी जुटायी। महिला के सिर और पैर में चोट के गहरे निशान मिलने से मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि महिला क्षेत्र में ही घूमती रहती थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि रात में किसी समय महिला का किसी से झगड़ा हुआ और उसने भारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान


रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मध्य रात्रि मौहल्ला संजय नगर खेड़ा में संदिग्ध हालातों में एक युवती ने घर में फांसी लगा ली। प्रातः जब परिजनों ने उसे रसोई में फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने शोर मचाया। परिजन उसे फांसी से उतार कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा मय पुलिस चिकित्सालय पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि माता मुन्नी देवी तथा पिता ऋषिपाल सिंह की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में चार भाई व तीन बहिनें हैं। जिनमें 16 वर्षीय राधा सबसे छोटी है। जो कक्षा एक तक ही पढ़ी है। उनका कहना था गत रात्रि सारे परिवार ने एक साथ खाना खाया और कमरों में सोने चले गये। प्रातः करीब 6 बजे जब रसोई में गये तो वहां पर उन्होंने राधा को कुंडे में चादर फाड़कर बनाये गये फंदे पर लटका देखा। उसे इस हालत में देख परिजनों में चीख पुकार शुरू हो गई। जिसके बाद राधा को फंदे से उतार कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने शव का पंचनामा भरा। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक समय का पता चल सकेगा। घटना के कारणों (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क हादसे में कांवरिये की मौत

### दोराहा के पास अज्ञातत वाहन ने मारी टक्कर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मध्य रात्रि हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर लौट रहे एक डाक कांवरिये की दोराहा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई उसे 108 एम्बुलेंस के द्वारा चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन भी यहां आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। कांवरिये की मौत से उसके साथी कांवरियों में शोक व्याप्त हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। जानकारी के अनुसार गत 28 जुलाई को बहेड़ी से 22 डाक कांवरियों का एक जत्था पावन गंगा जल लेने हरिद्वार के लिए रवाना हुआ था। गत रात्रि सभी शिव भक्त पैदल वापिस लौट रहे थे। मार्ग में दोराहा के समीप उन्होंने अपने एक साथी ग्राम सीकरी बहेड़ी निवासी 28 वर्षीय अजय पाल पुत्र नत्थूलाल कों सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में बेसुध पड़ा देखा। उसे इस हालत में देख साथियों में हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस तथा अजय के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर धायल अजय को 108 एम्बुलेंस के द्वारा उपचार के लिए निकटवर्ती चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अजय के सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें होने से आशंका व्यक्त की जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने उसे जोर से टक्कर मारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक अजय के परिजन भी यहां आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मृतक अजय चार भाईयों तथा दो बहिनों में सबसे छोटा था।



## घर में घुसकर धारदार हथियार से किया हमला

काशीपुर (उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी क्षेत्र में पड़ोसी के घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला करने की घटना सामने आयी है। घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। ढकिया नंबर एक निवासी सीमा देवी पत्नी चरनवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात वह घर पर पति के साथ सो रही थी। राता करीब नौ बजे पड़ोस में रहने वाले महावीर और एक अन्य ने उनके घर में घुसकर पति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे पति चरनवीर(शेष पृष्ठ 7 पर)

## पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

सितारगंज(उद संवाददाता)। बीती 29 जुलाई को प्रेम सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी कोटिया थाना जिला लखीमपुर खीरी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी बहिन जसवीर कौर की शादी ग्राम भरोनी सितारगंज निवासी परमजीत सिंह पुत्र स्व भजन सिंह के साथ 15 साल पूर्व की थी। जसवीर कौर का पति परमजीत सिंह अक्सर उसे परेशान करता था। बताया की 28 जुलाई की शाम को परमजीत ने जसवीर की हत्या कर दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में पुलिस ने पाया कि दिनांक 28 जुलाई की शाम दोनों पति पत्नी खेत में लगे ट्यूबवेल में नहाने बोलकर घर से निकले, बाद में परमजीत अकेला घर पहुंचा। काफी देर तक जसवीर के घर वापस न आने पर इसके बच्चों द्वारा खोजबीन करने पर जसवीर का शव खेत मे मिला। जिसके चेहरे पर निलगु व गले पर निशान दिखायी दिया। परमजीत की घटना में संलिप्तता को देखते हुये, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 30 जुलाई की देर रात्री में पुराने चीका घाट पुल पर से परमजीत को पकड़ा। कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल ने बताया कि परमजीत ने अपना जुर्म कबूलते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत, युवती गंभीर

देहरादून(उद संवाददाता)। बाइक की टक्कर से स्कूटी पर सवार एक महिला की मृत्यु हो गई, वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवती को अस्पताल भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता पिन्टू धरा निवासी डान्डीपुर मोहल्ला खुड़बुड़ा ने बताया कि उनके बेटे की तबीयत खराब थी इसलिए रविवार रात को वह अपने बेटे को सेवक आश्रम रोड स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कर घर लौट रहे थे। स्कूटी पर उनके साथ उनकी साली और सास भी बैठी हुई थी। गांधी पार्क के सामने बाइक चालक रोशन निवासी निवासी नई बस्ती बलबीर रोड ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी साली करिश्मा सिंह वह सास रीता सिंह को गंभीर चोटें आईं। दोनों को दून अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सक ने उनकी सास को मृत घोषित कर दिया। धारा चौकी इंचार्ज आशीष रावत ने बताया कि बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## चोरी की दो बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक शातिर मोटर साइकिल चोर को चोरी की दो मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एस आई राजेंद्र पंत ने बताया कि गत दिनों स्थानीय सरकारी अस्पताल के सामने से पुष्पेंद्र मौर्य पुत्र मदन मोरी एवं वार्ड नंबर 16 से राजू शर्मा पुत्र मुन्नालाल शर्मा ने स्थानीय कोतवाली में मोटरसाइकिल चोरी किए जाने की सूचना दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आसपास के सभी कैमरों को खंगाला। कैमरा से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अभियुक्त की पहचान की गई तथा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को धर दबोचा गया जिससे दोनों चोरी की मोटरसाइकिल है बरामद की गई। उन्होंने बताया कि सतीश राठौर पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम मावईकाजियान थाना शेरगढ़ जिला बरेली का रहने वाला है जोकि वर्तमान में सुनहरी किच्छा में रह रहा था और मोटरसाइकिल चोरी को अंजाम देता रहा था। अभियुक्त की अपराधिक हिस्ट्री भी निकाली जा रही है । तथा अभियुक्त द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)



## लाखों की चोरी का खुलासा,चार शातिर गिरफ्त में

काशीपुर (उद संवाददाता)। चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की दो घटनाओं का खुलासा कर चोरी हुआ बाल भी बरामद किया है। बता दें 29 जुलाई को कार्तिक यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी नई सब्जी मण्डी शक्ति नगर ने तहरीद थी कि दुकान से अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल रेड मी नोट 7 चोरी कर लिया है। जबकि एजाज नवी पुत्र आले नवी निवासी मौ० खालसा काशीपुर ने तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर घर से लाखों का सारा सामान चोरी कर लिया। मामले में एफआईर दर्ज कर अनावरण के लिए टीम गठित की गयी। विवेचक चौकी प्रभारी बासफौड़ान सुनील सुतेड़ी, उपनिरीक्षक मनोज जोशी चौकी प्रभारी टाण्डा उज्जैन को पुलिस टीम का प्रभारी बनाया गया।टीम ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। इसी बीच चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर चार लोगों को कब्रिस्तान के पास लूट की योजना बना रहे मौ० फैजान पुत्र मौ० शकील निवासी मदीना मस्जिद के पीछे मौ० अल्लीखां काशीपुर, कामिल उर्फ चड्डी पुत्र मौ0 शरीफ निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)



# बलिदान दिवस पर कांग्रेसियों ने शहीद उधम सिंह को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने जवाहर नवोदय विद्यालय में स्थित शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित शहीद उधम सिंह की मूर्ति के समक्ष एकत्र हुए और वहां शहीद को नमन करते हुए माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि अमर शहीद उधम सिंह के नाम पर इस जनपद का नाम होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह ने देश के लिए जो योगदान दिया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे वीर बलिदानियों की बदौलत ही देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ है। आज सभी को शहीद उधम सिंह की देश भक्ति से प्रेरणा लेने की जरूरत है।महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि अमर शहीद उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम कस्बे में हुआ था। उधम सिंह ने 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में हुए कत्लेआम का बदला लेने के लिए जलियांवाला बाग के आरोपित माइकल ओ डायर को 13 मार्च 1940 को उसी की जमीन पर जाकर मारा था। मारने के बाद उधम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की, बल्कि गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चला और चार जून 1940 को उन्हें हत्या का दोषी ठहराया गया। 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दी गई। श्री शर्मा ने कहा कि शहीद भगत सिंह की तरह शहीद उधम सिंह का स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें उनके जीवन से देशभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। आज हम जो आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वो इन्हीं अमर शहीदों की देन है।इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, गोपाल भसीन, बाबू विश्वकर्मा, शंकर कोली, हिम्मत कोली, कुंवर पाल कोली, सुरेश यादव, राकेश कुमार, नवीन पंत, मुकेश कुमार, अशोक कुमार के अलावा नवोदय विद्यालय के शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।



# बेहड़ ने शमशान घाट की चारदीवारी का किया लोकार्पण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा के ग्राम फुलसुंगी के शमशान घाट की लगभग 5 लाख की लागत से तथा ग्राम रामेश्वरपुर के शमशान घाट की लगभग 2.31 लाख की लागत से निर्मित चारदीवारी और सोंदर्यीकरण के कार्य का लोकार्पण नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्राम फुलसुंगी तथा रामेश्वरपुर के निवासियों द्वारा शमशान घाट की स्थिति से उन्हें अवगत कराया गया था जब वे जीत कर आए थे उनके आग्रह पर हि इन दोनों शमशान घाटो पर निर्माण कार्य विधायक निधि से कराये गए है, शमशान घाट जहाँ मरणोपरांत सभी क्रियाक्रम की रस्में पूर्ण की जाती है यहाँ पर हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए आगे जरूरत पड़ने पर और भी सहयोग किया जायेगा। इससे पूर्व विधायक बेहड़ का दोनों ही गाँव में स्थानीय निवासियों द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा उनका समाज हित में नेक कार्य करने हेतु आभार जताया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी , अशोक चुघ,राजेश प्रताप सिंह ,मेजर सिंह गुरदीप सिंह बेदी ,नरेंद्र कामरा ,डाक्टर सलूजा,अशोक छाबड़ा, शरदानंद,आशीष छाबड़ा , अजय अनेजा, परविंदर सिंह पम्मी ,गुरदास कालड़ा,अजीत सचदेवा ,संतोष ठाकुर ,बिट्टू हुडीया,प्रेम गुम्बर ,जीत सिंह , गुरचरण सिंह,पंकज कटारिया, सचिन मुन्जाल, रोशन लाल ,टिंकू अरोरा , सतीश मुंजाल,आदि लोग उपस्थित रहे।



# नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने चीख पुकार शुरू कर दी। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी आ गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। बाद में मृतका के शव की कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार श्याम विहार कॉलोनी निवासी मूल रूप से जसपुर उधम सिंह की रहने वाली 18 वर्षीय छात्रा अपनी मां और बहन के साथ श्याम विहार कालोनी में किराए पर रहकर शहर के पाल नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई करती थी ।शनिवार देर रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई। जहां थोड़ी देर बाद मां उसके कमरे में गई तो उसे पंखे से लटकी हुआ देखा। आनन-फानन में मां और बहन ने उसको पंखे से उतारा और उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही छात्रा की मां का कहना है कि खाना खाने के बाद पढ़ाई करने अपने कमरे में चली गई। घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं चल रहा था। किन कारणों से उसने आत्महत्या की है पता नहीं चल पा रहा है। वही पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। छात्रा की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# शिवालयों में भक्तो का लगा तांता

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।क्षेत्र के सुरेंद्र नगर स्थित तारक नाथ धाम,बैकुंठपुर के तारकेश्वर धाम,बाजार के शिव मंदिर आदि शिवालयों पर प्रात: 5 बजे से ही लम्बी कतारे लगना शुरु हो गया। शिव भक्त बेल पत्र,फूल,जल,फल आदि सामग्री लेकर मंदिर पहुँचे, भक्तो ने पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। तारक नाथ धाम मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ को



देखते हुये पूजा कमेटी ने सभी भक्तो की आस्था को देखते हुये व्यवस्थायें चौक चौबंद रखी। कांवड़ियों के जत्थों ने भी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाकर जलाभिषेक किया। भक्तो की आस्था को देखते हुये विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया ।

# डॉ.कपिल शर्मा बने विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद की दो दिवसीय प्रांत बैठक देहरादून में रविवार को संपन्न हुई जिसमें उत्तराखंड प्रांत के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रम और योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चाएं हुई और प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों के समाज के संभ्रांत व्यक्तियों को नवीन दायित्व प्रदान किया गया। जिला उधम सिंह नगर की नवीन दायित्वों की घोषणा के तहत शैली बंसल को जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, डॉ कपिल शर्मा को जिला विशेष संपर्क प्रमुख, जुगल बल्लभ गोस्वामी जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक,रमेश सिंह बिष्ट जिला संयोजक बजरंग दल,बाबू गिरी जिला धर्माचार्य प्रमुख, भुवन जोशी जिला मठ मंदिर प्रमुख, डॉ आई पी मौर्य जिला सेवा प्रमुख, डॉक्टर सुरेंद्र विक्रम सह जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, राजेंद्र भट्ट जिला समरसता प्रमुख, हरीश जेटली सह जिला विशेष संपर्क प्रमुख की घोषणा प्रांत के प्रांत मंत्री डॉ विपिन द्वारा की गई।इस अवसर पर सभी ने नवीन पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।



# तमंचा कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक बदमाश को एक तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि केसी आर्य साथी पुलिस कर्मियों का. अमित जोशी और महेंद्र कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे । इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर वह आ.ना. झा कालेज के सामने मैदान में पहुंचे जहां पेड़ के पास एक युवक संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता तरुण पुत्र भीमसेन निवासी वार्ड 24 रम्पुरा सत्ता चौक के पास बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद तमंचा व कारतूस कब्जे में लेकर तरूण के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे


सितारगंज(उद संवाददाता)। वांछित अभियुक्त व न्यायालय से जारी अदेशिकाओ की शत प्रतिशत तामिली हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 30 जुलाई को कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायलय से जारी वारंट केस नंबर- 461/2017 संबंधित मुकदमा 228/15 धारा 323/324 325/506 आईपीसी बनाम राजेश आदि से संबंधित वारंटी राजेश पुत्र रामधनी निवासी ग्राम गोठा थाना सितारगंज, ब्रजमोहन पुत्र राम प्रसाद निवासी उपरोक्त, बलिराम पुत्र राम सिंगार निवासी उपरोक्त को ग्राम गोठा से वारंट की तामील में गिरफ्तार किया गया। तीनों वारंटीयो को माननीय न्यायालय पेश हैस गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक जनार्दन भट्ट, एएसआई जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल अर्जुन सिंह, कांस्टेबल अशोक बोरा आदि रहे।

# जाफरपुर के बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों ग्राम जाफरपुर कें बाजार में खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात वाहन चोर चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दीपक पुत्र श्रीराम निवासी कनटोपा, पोस्ट खानपुर ने कहा है कि 14 जुलाई शाम लगभग 6:13 बजे वह जाफरपुर बाजार में अपनी मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एएक्स 5382 से गया था। मोटर साइकिल बाजार मेंही खड़ी की थी। इसी बीच उसकी मोटर साइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी। काफी तलाशने के बाद भी बाईक का कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजू पाल को समाजसेवियों से मदद की दरकार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती राजू पाल को समाजसेवियों से मदद की दरकार है। राजू पाल सिंह उम्र 28 वर्ष ग्राम सभा बहुचा बनारस का रहने वाला है। वह रुद्रपुर में एक फॉर्म में मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। रुद्रपुर बन्ना खेड़ा के पास वह बाजार से सामान लेकर आ रहा था। 22 नवंबर 2022 को मार्ग में मोटरसाइकिल चालक एस ने उसे टक्कर मार दी। जिससे राजू बुरी तरह जख्मी हो गया। लोगों ने उसे रुद्रपुर के जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां उसे उचित इलाज नहीं मिलने से 1 दिसंबर को राजू पाल को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया। लावारिस हालत में उसके दोनों पैर चलने लायक नहीं है। वह उठ बेठ भी नहीं पा रहा है। उसने मजदूरी से जो पैसे कमाए थे वह भी खत्म हो गए। उसकी पीठ पर रीड की हड्डी के पास दो रोड डाली गई जिससे वह पांच माह तक बिस्तर में ही पड़ा रहा और उसके शरीर पर बैड सोल हो गए। डॉक्टर पंकज सिंह के अर्थक



प्रयास से वह बेड सोल भी ठीक हो गए। राजू पाल के इलाज मेलगभग 40 हजार रुपए खर्च होना बताया गया है। 15 हजार रुपए की दवाइयां भी ली गई। अस्पताल प्रशासन ने उसे नि:शुल्क इलाज दे दिया। राजू पाल के यहां माता पिता भाई बहन कोई नहीं है। अब अस्पताल प्रशासन उसे डिस्चार्ज कर रहा है। जबकि उसकी हालत खराब है। राजू के पेट से बाथरूम की नाली भी लगाई गई है तथा राजू पाल को डॉक्टरों द्वारा बताया गया है कि उसकी नस कट चुकी है जिससे उसके दोनों पैर खराब हो गए हैं। अब जिंदगी भर इन दोनों पैरों से नहीं चल सकता है।राजू पाल ने अपना दु:खड़ा समाजसेवी हेमंत गोनियों को सुनाया। जो उसकी हर संभव मदद कर रहे है। राजू पाल सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के जी वार्ड बेड नंबर 52 में भर्ती है। राजू पाल को तीन पहियों का रिक्शा हाथ से चलने वाला चाहिए। जिससे वह किसी तरह रोजगार कर अपना गुजारा कर सके। राजू ने सभी से उसकी हालत देखते हुए मदद करने की अपील की है। राजू पाल का मोबाइल नंबर 6398268871 है।

# शिवनगर में वितरित किये तुलसी के पौधे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और घर-घर तुलसी अभियान की संयोजिका, श्रीमती मीना शर्मा सावन के चौथे सोमवार को चामुंडा मंदिर शिवनगर पहुंची, जहां उन्होंने भगवान शंकर की पूजा अर्चना की और शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों को घर-घर तुलसी अभियान के तहत तुलसी के पौधे वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि सावन का पवित्र महीना भगवान शिव को समर्पित है, और सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करना विशेष महत्व रखता है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह पिछले कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन के महीने में 5000 तुलसी के पौधों का वितरण कर रही है, जिसके तहत उन्होंने आज सावन के चौथे सोमवार को शिव नगर ट्रांजिट कैंप स्थित चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात सैकड़ों महिलाओं को पार्षद मोहन भारद्वाज और महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद आदि के साथ मिलकर सैकड़ों महिलाओं को तुलसी के पवित्र पौधे वितरित किए। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने मंदिर में भी एक पौधा रोपा। 'घर-घर तुलसी अभियान' के इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता निरोध अधिकारी, अनिल शर्मा, अरविंद सक्सेना, ममता, मधु, किशोरी, शांति, दीपा, नीलम, कुसुम, नंदनी, मुन्नी, सरोज, कांति, मिथिलेश, सुनीता, मीरा, दुष्यंत लता, कामिनी, बबली, बंदना, शेर सिंह, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# श्रमिकों को निकाले जाने के खिलाफ निकाला गुबार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज ऑटोमोटिव कंपनी प्रबंधक द्वारा निकाले गए मजदूरों ने अंबेडकर पार्क में जनसभा आयोजित कर न्याय की मांग की। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के उत्तराखण्ड राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि सिडकुल श्रम कानूनों के कब्रगाह बने हुए हैं। मजदूरों का सर्वाधिक शोषण यहां हो रहा है। असल में पूंजी निवेश की आड़ में राज्य के संसाधन और मजदूरों के श्रम दोनों का शोषण होता है। मैखुरी ने कहा कि, ष्श्रम विभाग द्वारा पी डी पी एल के मजदूरों की कानून सम्मत मांगों की अनदेखी से स्पष्ट है कि उत्तराखंड सरकार मजदूरों के हक में बने कानूनों का पालन करने के बजाय पूंजीपतियों के हितों के संरक्षण के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। पूंजीपतियों की चाकरी और उनके स्वार्थों की पूर्ति के लिए हर हद पार कर जाने को तैयार हुकूमत को मजदूरों की संगठित ताकत और जनता की व्यापक एकता के जरिये



ही मुकाबला किया जा सकता है। मजदूरों, किसानों, छात्र, नौजवानों को हिंसा घृणा के माहौल के खिलाफ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए एकजुट हो कर साझा संघर्षों में उतरना होगा, तभी इस देश और देश वासियों के भविष्य को बचाया जा सकता है। तराई किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि मजदूरों के साथ साथ किसान भी भाजपा सरकार के राज में पुंजिपतियो के शोषण का शिकार हैं। किसानो को गुलाम बनाने के लिए मोदी सरकार 3 कृषि कानून लाई थी और अब मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए 44 श्रम कानूनों को खत्म करके 4 श्रम कोड लागू करने वाली है। इन श्रम कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन करेगा। ऐक्टू राज्य कमेटी सदस्य कैलाश पांडे ने कहा कि पिछले 100 दिनों से समाज ऑटोमोटिव के स्थायी मजदूर कार्यबहाली की मांग को लेकर दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन गैर कानूनी तरीके से कारखाना संचालन व श्रम कानूनों के उल्लंघन् के बावजूद प्रशासन द्वारा कार्यवाही नही करने से स्पष्ट है कि समाज ऑटोमाटिव कारखाने को सरकार का सीधा संरक्षण है। जबकि 12 ठेका मजदूरों के हाथ समाज ऑटोमोटिव का प्रबंधन कटा चुका है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश भट्ट ने कहा कि पूँजीपतियो और सरकार के गठजोड़ ने मजदूरों को उनके हक से वंचित कर दिया है। मजदूरों और उनकी यूनियनों को भी एकता बनाकर मजदूर आंदोलन को मजबूत बनाना होगा। भाकपा (माले) जिला सचिव ललित मटियाली, अमनदीप कौर ,कांग्रेस नेता हरीश पनेरु, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष रीता कश्यप, ममता पानु, करोलिया मजूदर यूनियन के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, इंट्रारक यूनियन के महामंत्री सौरव कुमार, एडिएंट कर्मकार यूनियन के मिथलेश जोशी, बड़वे यूनियन के साहेब सिंह, मंत्री मेटलिक्स यूनियन , नील ऑटो यूनियन के कोषाध्यक्ष संदीप मिश्रा और सन्सेरा मजदूर यूनियन के महामंत्री जोगेंद्र लाल, रैकेट इंडिया के सुरेंद्र सिंह, किसान नेता आनंद सिंह नेगी और जागीर सिंह आदि ने संबोधित किया। जन सम्मेलन का संचालन संयुक्त श्रमिक मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया। जन सम्मेलन के माध्यम से समाज ऑटोमोटिव कारखाने के स्थायी मजदूरों की कार्यबहाली, श्रम कानूनों के उल्लंघन पर रोक लगाने, ठेका प्रथा पर रोक लगाने आदि मांगे उठाई गई।

# बैठक में बताई सरकार की योजनाएं

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी की जनसंवाद कार्यक्रम की बैठक तिगड़ी थारू बूथ 20 में सम्पन्न हुई। नगर मण्डल अध्यक्ष जीवन धामी की अध्यक्षता मे अयोजित बैठक में मुख्य वक्ता रमेश चंद्र जोशी ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की योजनाएं बताई। जनसंवाद कार्यकर्म में तिगड़ी की जनता ने विद्युत पोल सिंचाई विभाग की टूटी नालिया, एवं सड़कों की मरममत तालाबों के सौंदर्यीकरण आदि समस्याये भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी रामू भैया के सामने रखी। उन्होंने सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने को कहा। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक इंद्र चंद ने कहा कि सरकार का काम है योजनाएं लागू करना



और भारतीए जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व है योजनाओं की जानकारी जनता तक पोहचाना। बैठक में नगर महामंत्री मनोज वाधवा बूथ अध्यक्ष दिवान फिक्वाल, मनोज राणा ओम प्रकाश ठाकुर, मनीराम विश्वकर्मा दान सिंह बोरा सुरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह राहुल चौहान अंजली सामंत हरिप्रिया पोखरिया , कुसमा राणा मंजू पोखरिया प्रेमलता राणा रविंद्र राणा अनीता राणा शकुंतला राणा भिक्को राणा, बसंत पोखरिया राजेंद्र सिंग सुरेश राणा उपस्थित थे।

# महिलाओं को वितरित किये पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक जागता कल्याण समिति कार्यालय में समिति की अध्यक्ष डा. उषा नरेंद्र जैन ने पौधे वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बहुत सारे औषधीय पौधे जैसे नीम, एलोवेरा, पुदीना, तुलसी, पत्थरचट्टा, फूल के पौधे, डेकोरेशन वाले पौधे, सोदार पौधे व बहुत सारे ऐसे छायादार पौधे वितरित किए गए। साथ ही सभी महिलाओं को पौधों को सही तरह से देखभाल करने व पौधे बड़े होने के बाद उनके साथ फोटो खींचकर भेजने की बात भी कही। साथ ही डा.जैन ने पर्यावरण संरक्षण की बात कहते हुए सभी को जागरूक किया की हम सबको अपने पर्यावरण की रक्षा करनी है एक- एक जागेंगे और फिर एक -एक को जगाएंगे अपनी भूमिका सब निभाएंगे तो हमारा पर्यावरण हरा भरा रहेगा,चारों तरह फुलवारी होगी,साफ सुथरा होगा। साथ ही उन्होंने सभी को समझाया की अपने ही घरों के डिब्बे हम कई बार इध



र-उधर कर देते है उनमें हम पौधे अपने आंगन में,अपने छत में लगा सकते है।इस कार्यक्रम में राधा सुभाष,कविता रावत, सुमन तिवारी,ममता नेगी, रूपा, दुर्गा, स्वेता, नीरमती,भावना जोशी, पुष्पा, सुमित्रा, प्रतिमा, मीना,सुशीलाजी आदि महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान सभी ने एक कविता के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

# नेत्रदान कर अमर हुई उषा राजपाल

गदरपुर( उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा की चचेरी बहन वार्ड नंबर 7 शिव मंदिर गदरपुर निवासी राजकुमार गुंबर,विनोद गुंबर,काली गुंबर,विजय गुंबर, प्रवीण गुंबर एवं भाजपा नेता राजेश गुंबर मिनी की बहन एवं जगदीश राजपाल की धर्मपत्नी श्रीमती उषा राजपाल (आशा कार्यकर्ती स्वास्थ्य विभाग) का



आकस्मिक निधन हो गया । दुख की इस घड़ी में सामाजिक सोच रखते हुए पति एवम भाइयों ने बड़ा हृदय करते हुए नगर की नेत्रदान संस्था सोचो डिफरेंट से संपर्क किया । तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक मुरादाबाद की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान लिए गए अब किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी और दिवंगत श्री मति उषा राजपाल हमेशा के लिए अमर हो गई जाते जाते किन्ही दो लोगो को रोशनी दे गई । दिवंगत आत्मा को क्षेत्र के विभिन्न संगठनों व्यापार मंडल गदरपुर,पंजाबी महासभा,श्री जय भवानी जागरण मंडल,जियो जिंदगी,पुरातन श्री सनातन धर्म मंदिर,श्री शिव मंदिर कमेटी,हेल्प टू अडर्स सोसाइटी एवम जनप्रतिनिधियों में मेयर रामपाल,हरीश मुंजाल,सुशील गाबा,पार्षद पुत्र सचिन मुंजाल,योगेश वर्मा,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़,महामंत्री संदीप चावला,कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा,संजीव अरोरा,सभासद मनोज गुंबर,रोहित सुदामा,राजेश डावर,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,नगरअध्यक्ष सुरेश खुराना,कृष्ण लाल सुधा राकेश भुड्डी आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# सफाई कर्मियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

गदरपुर( उद संवाददाता)। ठेका सफाई कर्मियों ने स्वच्छता समायोजन की मांग करते हुए नगर में जनसभा के उपरांत रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि ठेका प्रथा को खत्म कर के पर्यावरण मित्रों को रखा जाये। भाजपा नेता अश्विनी कुमार के नेतृत्व में दर्जनों सफाई कर्मी बाल्मीकि मंदिर,सकैनिया मोड़ पर एकत्र हुए। जहां से पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर में विरोध मार्च निकाला। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 27 जुलाई को बोर्ड की बैठक में सभी सभासदों ने ठेके पर कराई जा रही नगर की सफाई व्यवस्था को समाप्त करने को सर्वसम्मति से बिल पास किया था। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया, बोर्ड की बैठक में ठेका प्रथा समाप्त कर मोहल्ला स्वच्छता समितियों में बेरोजगार पर्यावरण मित्रों को रखने की बात कही



गई थी लेकिन पालिका प्रशासन हठधर्मिता पर उतारू हैं। उन्होंने कहा,अगर नगर की सफाई व्यवस्था स्वच्छता समिति पर्यावरण मित्रों से कराई जाये तो नगर की सफाई व्यवस्था 19 लाख के बजाय 9 लाख रुपये में सुचारू रूप से कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो पालिका में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने कहा उसके बाद भी अगर कुछ नहीं हुआ तो एक अगस्त से सभी सफाई कर्मी पालिका के बाहर क्रमिक अनशन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा, देहरादून में जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी देंगे। इस मौके पर सरपंच राकेश कुमार,सचिन वाल्मीकि,रोहित सांवरिया, राकेश वाल्मीकि,सूरज चौधरी, अंकित कुमार, हरपाल वाल्मीकि, नितिन कुमार सहित तमाम लोग मौजूद थे ।

# भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 103 वां कार्यक्रम वार्ड 32 बूथ संख्या 132 इंदिरा नगर में बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन, भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल के आदेश



अनुसार आयोजित किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने जियाउद्दीन कुरैशी को नैनीताल उधम सिंह नगर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी और पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्य रूप से जियाउद्दीन कुरेशी, जेडए वारसी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लाल मोहम्मद अंसारी, अफसर अंसारी, सगीर अहमद, मुल्ला जी, सावेज कुरेशी, अनीस पेंटर, नदीम अहमद, साबिर अहमद, शादाब, शकील अहमद, वसीम शाहबाज, अजहरदरुद्दीन, फारुख, सलीम अहमद कुरेशी, बाबू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनिल गुंबर अध्यक्ष राजेंद्र बेहड़ महासचिव बने

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री पुरातन शिव मंदिर में जय किशन अरोड़ा की अध्यक्षता में श्री पुरातन शिव मंदिर कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में श्री पुरातन शिव मंदिर रामलीला कमेटी का गठन किया गया। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व जय श्री राम के जयघोष से पूरा हॉल गूंज उठा। रामलीला का मंचन 10 अक्टूबर से एवं दशहरे मेले का आयोजन 24 अक्टूबर को होना सुनिश्चित हुआ। बैठक में सर्व सहमति से रामलीला कमेटी अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार गुंबर, महासचिव राजेंद्र बेहड़ एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर सतीश एवं महावीर दल अध्यक्ष के



लिए राजू बठला, नाटक कला परिषद मुख्य व्यवस्थापक मुकेश चावला, डायरेक्टर प्रवीण कुमार भगत, बत्रा ग्रुप डायरेक्टर संदीप बत्रा, रोहित कुमार सुदामा, क्लब अध्यक्ष विजय कालरा को मनोनीत किया गया। बताया कि शेष कार्यकारिणी का विस्तार जल्द ही किया जाएगा। इस दौरान मनोनीत किए गए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रदान की गई ।

# गायन प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने मचाई धूम

## फाईनल के लिए तीन ग्रुपों में 12 प्रतिभागियों का हुआ चयन, आज रात्रि होगा फाईनल



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईन राउण्ड बीती शाम शहर के रूद्रा होटल में आयोजित किया गया। तीन ग्रुपों में ऑडीशन से समीफाईनल में पहुंचे 36 प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बता दें लोक रचना समिति द्वारा छिले कई वर्षों से शहर में स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए इस बार भी विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने ऑडीशन दिया था। ऑडीशन में सीनियर जूनियर और सब जूनियर तीन ग्रुपों से सेमीफाईनल के लिए कुल 36 प्रतिभागियों को चुना गया। इन प्रतिभागियों का सेमीफाईनल बीती शाम रूद्रा होटल में हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर श्री चुघ ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए संयोजक केवल कृष्ण बतरा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोक रचना समिति द्वारा प्रतिभाओं को मंच देकर आगे बढ़ाने का काम पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है जरूरत है उस प्रतिभा को पहचानने की। छोटे छोटे मंचों से ही प्रतिभाएं आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि इस मंच से निकली प्रतिभाओं ने बड़े बड़े टीवी शो में पहुंचकर शहर का नाम रोशन किया है। आज प्रतिभायें इस प्रतियोगिता में पहुंची है वह भी निश्चित ही एक दिन शहर का नाम रोशन करेंगी। सेमीफाईनल राउण्ड में प्रतिभागियों ने एहसान तेरा होगा मुझ पर, अली मोरे अंगना दरस दिखा, नैनों में बदरा छाये, पग घुंघरू बांध, ओ सजना, रस्मे उल्फत, फिर से उड़ चला, निगाहें मिलाने को.., हुस्न जाना की तारीफ, लिखने वाले ने लिख डाला, दिल की नजर से, जाने कहां गये वो दिन, तू शायर है, जब हम जवां होंगे, पूछो ना कैसे, जिंदगी की यही रीत है, साथी तेरे नाम, चिट्ठी आई है, एक अजनबी हसीना से, दिल में तुझे बिठाके, प्यार हुआ चुपके से, इन आंखों की मस्ती, आरम्भ है प्रचण्ड जैसे कई गीत गाकर मन मोह लिया। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप से आरएएन की आराध्या, अभिज्ञान, वंशिका, कोलम्बस के देवदत्त, डीपीएस की स्वीकृति, कशिश जेपीएस की भूमिका, कौटिल्य, दिव्यम, सेजल, होलीचाइल्ड के शिवेन्दु ने प्रस्तुति दी जबकि जूनियर वर्ग में आरएएन के समीर अहमद, वासु अरोरा, भारतीयम से अर्वंतिका, जिज्ञासा, जेसीज से नंदिनी बिष्ट, शगुनप्रीत कौर, ध्रुव, बबली कौर, डीपीएस से काव्यांजली बिष्ट, गुरमन एमेनिटी से अदिति, होलीचाइल्ड से अंकुश चावला आदि ने सेमीफाईनल में हिस्सा लिया। जबकि सब जूनियर वर्ग में कोलम्बस स्कूल से चित्रांशी शुक्ला, भारतीयम से सिद्धांत, विविता, अभिरम्या, एमेनिटी पब्लिक स्कूल से पल्लवी, रेनबो स्कूल से आन्या श्रीवास्तव, डीपीएस से ऋषि शर्मा, ध्वनि, आस्तिक जेसीज से उदयान राय, और स्वाति राय म्यूजिक क्लब से तृप्ति अनंदन ने भागीदारी की। प्रतिभागियों के सुर लय और ताल को परखने के बाद निर्णायक शैली बंसल और सुजाता नारंग ने फाईनल के लिए सीनियर वर्ग से स्वीकृति, भूमिका, कौटिल्य, दिव्यम, जूनियर वर्ग से नंदनी बिष्ट, ध्रुव गुरमन और आदिति और सब जूनियर वर्ग से आन्या श्रीवास्तव, आस्तिक नरूला, उद्यान राय, और तृप्ति आनंद को विजेता घोषित किया। संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाईनल आज शाम को होगा। तीनों वर्गों से चार चार प्रतिभागियों को फाईनल के लिए चुना गया है। फाईनल राण्ड में तीनों वर्गों से बैस्ट सिंगर चुने जायेंगे और उन्हें आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन मोहित बत्रा ने किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सरपरस्त तारा चंद अग्रवाल, युवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश कामरा, महामंत्री पवन गाबा पल्ली, अमित बांगा, श्री ओम अग्रवाल, श्वेता गावा, दीपक अरोरा, निखिल कुमार, करन चंडोक आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।







# 'भोजपत्र' की प्राचीन विरासत देवभूमि में 'खुशहाली' के नए-नए रंग भर रही : मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में किया नीती-माणा की महिलाओं द्वारा भेंट किये गये भोजपत्र का जिक्र






देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पी.एम. स्वनिधि परिवार के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो प्रसारण के 103वें संस्करण को सुना। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए लोगों को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग की अच्छी व्यवस्थाओं के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण भी दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में माणा से देशभर के श्रद्धालुओं से अपनी धार्मिक यात्रा का 05 प्रतिशत खर्चा स्थानीय उत्पादों पर खर्च करने की अपील की थी। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों की आजीविका में तेजी से वृद्धि हो रही है और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने नीती-माणा की महिलाओं का विशेष जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की ओर से भोजपत्र पर दी गई भेंट मेरे लिए जीवन की सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। मैं इससे अभिभूत हूं। रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री ने देश में हो रहे अभिनव प्रयोगों का जिक्र किया जिसमें खासतौर पर नीती-माणा की महिलाओं की ओर से भेजे गए भोजपत्र की भेंट का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि प्राचीन काल में हमारे शास्त्र और ग्रंथ इन्हीं भोजपत्र पर सहेजे जाते रहे हैं। आज देवभूमि की महिलाएं इस भोजपत्र पर बेहद सुंदर स्मृति चिह्न और कलाकृतियां बना रही हैं। भोजपत्र की प्राचीन विरासत उत्तराखंड के जीवन में खुशहाली ला रही है। कहा कि उत्तराखंड सरकार भोजपत्र से नए-नए प्रोडक्ट तैयार करने के लिए प्रशिक्षण देने के साथ भोजपत्र की दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित करने का भी काम कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. हिमानी वैष्णव ने बताया कि महिला मोर्चे की ओर से भी विभिन्न जगहों पर प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सार्वजनिक रुप से प्रसारित किया गया। भोजपत्र की प्राचीन विरासत देवभूमि उत्तराखंड की महिलाओं के जीवन में खुशहाली के नए-नए रंग भर रही है। यह बेहद संतोष की बात है कि भोजपत्र से बनी अनूठी कलाकृतियां ना सिर्फ हमारी परंपरा और संस्कृति को संजोने का माध्यम बन रही हैं, बल्कि इससे आर्थिक तरक्की के नए द्वार भी खुल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले नीती माणा की महिलाओं ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र भेजा था जिसमें उन्होंने पीएम की पहल पर भोजपत्र पर शुरू किए गए काम का जिक्र किया था। मोदी 21 अक्तूबर 2022 को माणा गांव आए थे। तब महिलाओं ने भोजपत्र पर तैयार कलाकृति मोदी को भेंट की। मोदी ने जनजाति महिलाओं की खूब प्रशंसा की थी जिसके बाद प्रशासन की पहल पर स्थानीय महिलाओंको भोजपत्र पर लिखने और कलाकृति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे उनकी अच्छी आय हुई। मोदी ने इस पत्र को लेकर ट्वीट भी था। इसके बाद भोजपत्र से बनने वाले उत्पादों की डिमांड भी बढ़ गई है।

# जन समस्याओं को सरकार तक पहुंचे सांसद और विधायक : बीएल संतोष

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने जनसमस्याओं के समाधान के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करने के अलावा सक्रियता और जवाबदेही पर भी खरा उतरना होगा। रविवार को प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक के बाद राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों व जिला प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार और जनता के बीच सेतु बन कर काम करना है। जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास करने होंगे। साथ ही जनता की राय और समस्या को सरकार के मंत्री और मुख्यमंत्री तक



पहुंचाना है। हमारा कार्य जनता को सरकार के पास और सरकार को जनता के पास लेकर जाने का है। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों से महा जनसंपर्क अभियान से मिले फीडबैक की जानकारी ली। कहा, एक सफल कार्यकर्ता के लिए सक्रियता अहम है। सक्रियता से ही जिम्मेदारी मिलती है और जिम्मेदारी का कुशलता से निर्वहन कर आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। इसलिए सभी को दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिक सचेत रहने की जरूरत है। प्रत्येक महीने सांसद व विधायकों की गांवों में टिफिन बैठक करने को कहा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर चलाए गए महा जनसंपर्क अभियान की विस्तार से जानकारी दी । बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने किया हरिपुरा और बौर जलाशय का निरीक्षण






गुलरभोज/गदरपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने रविवार को हरिपुरा तथा बौर जलाशय का निरीक्षण किया। डीएम ने हरिपुरा जलाशय पहुंचकर अधिशासी अभियंता सिंचाई से जलाशय की जल क्षमभरण क्षमता बढ़ाने एवम सिल्टिंग, डिसिल्टिंग के बारे में विस्तार से चर्चा और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने हरिपुरा जलाशय क्षेत्र में अतिक्रमण, राजस्व भूमि, वन भूमि के साथ ही सिंचाई विभाग को आवंटित भूमि के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बौर जलाशय निरीक्षण के दौरान पर्यटकों से वार्ता की और क्षेत्र के विकास, सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी लेते हुए पर्यटकों से जलाशय भ्रमण का अनुभव पूछा। उन्होंने बोट संचालक से भी पर्यटन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि सौंदर्यकरण से संबंधित जो भी कार्य किए जाए, उनसे डैम की दीवार की किसी भी प्रकार से क्षति न पहुंचे। डीएम ने डैम क्षेत्र में प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाने वाले पौधे लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने जलाशय की क्षमता, लंबाई एवम क्षेत्रफल, वर्तमान जल स्तर, अधिकतम जल स्तर, न्यूनतम जल स्तर, अतिक्रमण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रकाश चंद्र पांडे, सहायक अभियंता भुवन चन्द्र उपाध्याय, नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ !
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं

सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। मंगलवार को अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक अधिकारी डाक्टर खालिद यूनुस लोन के नेतृत्व में कोविड 19 से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में एक मरीज जिसको साँस लेने में कठिनाई हो रही थी उसको 108 एंबुलेंस द्वारा लाया गया। मरीज की जांच की गई। एसओपीजी कम होने पर ऑक्सीजन दिया गया वही डाक्टर खालिद द्वारा बताया गया कि एक मरीज को साँस लेने में दिक्कत आ रही जिसे 108 एम्बुलेंस से लाया गया जिसे पूर्ण रूप से देखा गया। इस माकड्रिल में डाक्टर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी खालिद यूनुस लोन, डाक्टर ऐसापी सिंह, डाक्टर आरऐस प्रजापति, फार्मसिस्ट आरती पाल, शिवेंद्र ब पूर्व सभासद जाहिद हुसेन, मोहित कुमार शामिल थे।

# राज्य स्तरीय कराटे ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एमेच्योर कराटे-डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से उत्तराखंड राज्य कराटे टीम का सिलेक्शन ट्रायल रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रुद्रपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला सभा के मैनेजर शेखर सक्सेना, एमेच्योर कराटे-डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव सिहान किशोर सिंह, आयोजक सचिव व तकनीकी निदेशक ऋषि पाल भारती द्वारा सभी खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुख्य अतिथि शेखर सक्सेना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन खेलों द्वारा बालकों में त्वरित निर्णय क्षमता , वस्तुओं की जानकारी , समायोजन , समन्वय , सद्भाव , साहस , सहअस्तित्व जैसे गुणों का स्वभाव में स्वत: ही विकास हो जाता है। आगे उन्होंने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।जानकारी देते हुए सिहान किशोर सिंह ने बताया कि 10 से 12 अगस्त 2023 को तेलंगाना हैदराबाद में एकेएफआई नेशनल कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में चतुर्थ एनकेएफआई नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, जिसमें प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड राज्य स्तरीय कराटे टीम सिलेक्शन ट्रायल लिया गया। ट्रायल में उत्तराखंड राज्य के लगभग 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर विभिन्न आयु वर्गो की काता व कुमिते स्पर्धा मैं अपना जौहर दिखाते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की। सब जूनियर बालिका वर्ग काता इवेंट में गीतिका अरोरा ने स्वर्ण पदक, अंशिका शर्मा ने रजत पदक, मेरा नारंग ने कांस्य पदक, कैडेट बालिका वर्ग काता इवेंट में लवली विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक, सारा जीना ने रजत पदक, सृष्टि वशिष्ट ने कांस्य पदक एवं कैरेट बालक वर्ग काता इवेंट में वंश थापा ने स्वर्ण पदक, सुमित शर्मा ने रजत पदक व अमन वंश वालों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग कुमीते स्पर्धा में सरानीया, शिवानिया गोस्वामी, अंशिका शर्मा, उपासना मदान, सृष्टि वशिष्ठ, सारा जीना ने स्वर्ण पदक, दक्षिका दांगी, चारू शर्मा, वेदांशी पाठक, गीतिका अरोरा, मीरा नारंग, मनस्वी धामी ने रजत पदक, सहजल नारंग ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कैडेट बालिका वर्ग कुमीते स्पर्धा में साक्षी पंत, माही कोरंगा ने स्वर्ण पदक, रश्मि, तनु ने रजत व सोनम कोहली ने कांस्य पदक जीता। जूनियर बालिका वर्ग कुमीते स्पर्धा में लवली विश्वकर्मा ने स्वर्ण, दिशा ने रजत एवं सीनियर बालिका वर्ग कुमीते स्पर्धा में शिवानी ने स्वर्ण गलोरी ने रजत पदक प्राप्त किये। सब जूनियर बालक वर्ग कुमीते स्पर्धा में आरव दांगी, हार्दिक जोशी, अभिनव, लक्ष्य परगई, रोहन सिंह, जय नारायण, गौरव चंद, बबलू सिंह ने स्वर्ण पदक, कार्तिकेय शर्मा, पारस चंद, चिराग कुमार, शिवम भट्ट, हर्ष पाठक, हर्ष पाल, सुमित शर्मा, सूरज भट्ट ने रजत पदक व दक्ष अरोरा, अर्नव गौड़, लव भट्ट, कार्तिक, पीयूष भट्ट, अमन सिंह, गौरव दास, तेजस ध्यानी ने कांस्य पदक प्राप्त किये। कैडेट बालक वर्ग कुमीते स्पर्धा में रोहित भट्ट, शिवम शर्मा, वंश बिष्ट ने स्वर्ण पदक, वंश थापा, जतिन कुमार, रौनक शर्मा ने रजत पदक, दक्ष मेवाड़ा, कौशल मेहता ने कांस्य पदक व जूनियर वर्ग में गुलशन कुमार ने स्वर्ण, आयुष राणा ने रजत पदक एवं सीनियर बालक वर्ग में मींकू ठाकुर में स्वर्ण, मनी अरोड़ा ने रजत पदक प्राप्त किए। आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को एक सप्ताह का नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर काता व कुमिते की गहन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे सभी खिलाड़ी अपने खेल का शानदार प्रदर्शन दिखाकर उत्तराखंड राज्य व जनपद का नाम रोशन कर सकें। निर्णायक भूमिका में हिमा भट्ट, कंचन बसेरा, रुनु शर्मा, आकृति कौर, लवीश विश्वकर्मा शामिल रहे। इस मौके पर चेतन धीर, शालिनी शर्मा, जय प्रकाश, अभिषेक राजपूत, विक्रम सिंह, क्षितिज सिंह, अंकित चंदेल, हैप्पी सिंह, बलविंदर सिंह, कताक्षा कौर, सहित अभिभावक गण मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# तकनीकी सजगता और प्रशिक्षण

आधुनिक तकनीकी के बहुस्तरीय फायदे हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब इसके सही उपयोग को लेकर जरूरी सजगता और प्रशिक्षण हो। मौजूदा दौर में आधुनिक तकनीकों को वक्त के साथ चलने का एक अहम साधन माना जाता है। यह काफी हद तक सच भी है। लेकिन अगर यही साधन बहुत सारे कामों में सुविधाएं मुहैया कराने के समांतर व्यक्तित्व के सामान्य विकास में बाधक बनने लगें तो इस पहलू पर भी गौर किया जाना चाहिए। इस लिहाज से हरियाणा के जींद जिले में ढिगाना पंचायत की शिकायत के संदर्भों पर विचार किया जा सकता है कि सरकार से मिले 'टैबलेट' बच्चों के लिए एक बड़ी समस्या बन रहे हैं। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने नौवीं से बारहवीं कक्षा के लगभग आठ लाख बच्चों को टैबलेट दिए थे, ताकि वे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हुए तकनीक की दौड़ में पीछे न रह जाएं। बच्चों को टैबलेट देने के पीछे सरकार की मंशा अच्छी हो सकती है कि बच्चे इसका इस्तेमाल पढ़ाई-लिखाई के लिए करेंगे और तकनीक के साथ शिक्षा हासिल करने को लेकर अभ्यस्त भी होंगे। लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी संसाधन के उपयोग का परिणाम इस पर निर्भर करता है कि उसे किस तरह संचालित किया गया। दरअसल, ढिगाना पंचायत के लोगों की शिकायत का आधार यही है कि जिन बच्चों को टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, वे उसका इस्तेमाल पढ़ाई-लिखाई के बजाय दूसरी अवांछित गतिविधियों के लिए ज्यादा कर रहे हैं। अभिभावकों की परेशानी यह है कि सरकार से मिले टैबलेट बच्चों को पढ़ाई से दूर ले जा रहे हैं, वे उनमें आपत्तिजनक चीजें देख रहे हैं, पढ़ने की जगह 'गेम' खेलते हैं, इसलिए इन्हें वापस लिया जाए। हालांकि सरकार ने टैबलेट देते समय उसमें मोबाइल यंत्र प्रबंधन प्रणाली लागू करने की बात कही थी, जिसके जरिए उनमें अनेक वेबसाइटों को प्रतिबंधित किया जा सकता है। लेकिन अब भी बच्चे टैबलेट में नए-नए ऐप डाल कर उसमें पूरे दिन गेम खेलते और गैरजरूरी सामग्री देखते-पढ़ते हैं। निश्चित रूप से आज के दौर में पंचायत और वहां के लोगों की इस शिकायत को अलग-अलग नजरिए से देखा जाएगा। तकनीकी को आधुनिक जीवनशैली के लिए अनिवार्य मानने वाला तबका इसे बच्चों को भविष्य की प्रतियोगिता से बाहर करने और आगे बढ़ने की दौड़ में पीछे करने की कोशिश के तौर पर देखेगा। सवाल है कि अगर आधुनिकता और विकास के सफर में बने रहने के लिए जरूरी कोई संसाधन बच्चों के सोचने-समझने की प्रक्रिया को बाधित करने और इसके बाद समूचे व्यक्तित्व पर विपरीत असर डालने वाला साबित होने लगे तो उसे कैसे देखा जाएगा! आधुनिक तकनीकी के बहुस्तरीय फायदे हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब इसके सही उपयोग को लेकर जरूरी सजगता और प्रशिक्षण हो। खासतौर पर बच्चों का जिज्ञासु और कोमल मन-मस्तिष्क नई चीजों का उपयोग करते हुए उसकी जटिलताओं से अनभिज्ञ होता है और इसी क्रम में कई बार इंटरनेट पर मौजूद आनलाइन गेम या फिर आपत्तिजनक वीडियो जैसी अवांछित सामग्रियों के संसार में प्रवेश कर जाता है। फिर वही तकनीक उनकी पढ़ाई-लिखाई में मदद करने के बजाय उनके व्यक्तित्व के लिए घातक साबित होने लगती है। इसके व्यापक असर को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने 'शिक्षा में तकनीक' पर अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि शिक्षा क्षेत्र में केवल उन्हीं तकनीकों को अनुमति दी जानी चाहिए जो स्पष्ट तौर पर सीखने में मदद करती हो। यूनेस्को की इस चिंता को समझा जा सकता है कि स्कूलों में मानव केंद्रित दृष्टिकोण की जरूरत है, जहां डिजिटल तकनीक एक उपकरण के तौर पर काम करे, न कि हावी ही हो जाए। सरकार और समाज को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि तकनीक बच्चे के व्यक्तित्व में सकारात्मक विकास का एक सहायक कारक हो।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों को मिला टाईगर स्टेट का दर्जा

देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश में पहली बार बाघों की संख्या 785 पहुंच गई है। राष्ट्रीय स्तर पर पिछली बार की गणना में मप्र में बाघों की आबादी महज 526 थी लेकिन अखिल भारतीय बाघ गणना जनगणना 2022 के अनुसार इस बार देश के मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई है। सबसे ज्यादा बाघों के साथ मध्य प्रदेश देश में इस बार बहुत आगे निकल गया है। मध्यप्रदेश में साल 2020 के बाद 259 बाघ बढ़े हैं, जबकि दूसरे और तीसरे नंबर पर कर्नाटक (563) और उत्तराखंड (560) है। जारी आंकड़ों के अनुसार देश में सबसे ज्यादा 785 बाघ मध्य प्रदेश में हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई मध्यप्रदेश के लिये इस बार खास दिन बन गया। यह दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाघों की जातियों की घटती संख्या, उनके अस्तित्व और संरक्षण संबंधी चुनौतियों के प्रति जन-जागृति के लिए मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष विश्व बाघ दिवस 29 जुलाई को मनाए जाने का निर्णय वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग बाघ सम्मेलन में किया गया था। इस सम्मेलन में बाघ की आबादी वाले देशों ने वादा किया था कि बहुत जल्द वे बाघों की आबादी दोगुनी कर देंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश ने बहुत तेजी से काम किया और प्रबंधन में निरंतरता दिखाते हुए पूरे देश में वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति करने में सफलता पाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में बाघों की गणना के आंकड़े जारी किए थे। प्रधानमंत्री द्वारा जारी रिपोर्ट में देशभर में 3167 बाघ बताए गए थे, लेकिन तब राज्यवार आंकड़े जारी नहीं हुए थे। उत्तराखंड के रामनगर स्थित जिम कार्बेट नेशनल पार्क में बाघों के राज्यवार आंकड़े जारी किए गए जिसमें मध्य प्रदेश को फिर टाइगर स्टेट का ताज हासिल हुआ है। बाघों के राज्यवार आंकड़े प्रत्येक चार वर्ष में जारी किए जाते हैं। एनटीसीए द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में 3682 बाघ मौजूद हैं जिन राज्यों को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला है, उनमें मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडू टॉप-5 में शामिल हैं। इनके अलावा जिन राज्यों में बाघों की आबादी मौजूद हैं उनमें आसाम, केरला, यूपी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा सहित कुल 18 राज्य शामिल हैं। जबकि मिजोरम, नागालैंड में बाघों की संख्या शून्य हो गई है। नॉर्थ-वेस्ट बंगाल में यह संख्या महज 2 पर सिमट गई है। बाघ एक शक्तिशाली जन्तु के रूप में एक खास पहचान के लिए जाना जाता है। इसकी दहाड़ अब मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व के बाहर भी सुनाई देती है। मध्य प्रदेश न सिर्फ बाघों की संख्या के मामले में आगे रहा है, बल्कि सर्वाधिक बाघ भी मध्यप्रदेश में ही तेजी से बढ़ रहे हैं। राजधानी भोपाल के आसपास के शहरी इलाकों में भी 20 से अधिक बाघों की आवाजाही अब देखी जा सकती है। बाघों को राजधानी भोपाल की आबोहवा इस कदर रास आ रही है आने वाले दिनों में इनकी टेरिटरी तेजी से बढ़ने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। वर्ष 2006 तक मध्यप्रदेश में केवल 300 बाघ थे, तो वहीं 2022 में यह आंकड़ा 785 तक पहुंच गया। वन्य जीवों के संरक्षण के मामले में मध्यप्रदेश की यह अब तक की सबसे बड़ी छलांग है।



मध्यप्रदेश की बात करें तो यहां देश में सर्वाधिक छह टाइगर रिजर्व सतपुड़ा, पन्ना, पेंच, कान्हा, बांधवगढ़ और संजय दुबरी टाइगर रिजर्व हैं। पांच नेशनल पार्क और 10 सेंचुरी भी हैं। दमोह जिले के नौरादेही अभयारण्य को छठवां टाइगर रिजर्व बनाया गया है। प्रदेश का पहला टाइगर रिजर्व 1973 में कान्हा टाइगर बना। इनमें सबसे बड़ा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और सबसे छोटा पेंच टाइगर रिजर्व है। अभयारण्य के रूप में पचमढ़ी, पनपथा, बोरी, पेंच-मोगली, गंगऊ, संजय- दुबरी, बगदरा, सैलाना, गांधी सागर, करेरा, नौरादेही, राष्ट्रीय चम्बल, केन, नरसिहगढ़, रातापानी, सिंघोरी, सिवनी, सरदारपुर, रालामण्डल, केन घड़ियाल, सोन चिड़िया अभयारण्य घाटीगाँव, सोन घड़ियाल अभयारण्य, ओरछा और वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य के नाम शामिल हैं। यह सुखद है कि अब प्रदेश के भीतर बाघों की संख्या टाइगर रिजर्व की सीमाओं के बाहर भी तेजी से बढ़ रही है और बाघों की हलचल शहरी इलाकों की इंसानी आबादी के बीच भी महसूस की जा रही है। सतना से लेकर सीधी, शहडोल से अमरकंटक, डिंडौरी के लेकर मंडला तक में भी बाघों का कुनबा नई चहलकदमी कर रहा है। मध्यप्रदेश ने टाइगर राज्य का दर्जा हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के प्रभावी प्रबंधन में भी देश में सबसे आगे है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है। भारत सरकार द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रबंधन की प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट में भी पेंच टाइगर रिजर्व ने देश में नया मुकाम हासिल किया है। बांधवगढ़, कान्हा, संजय और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन वाला टाइगर रिजर्व माना गया है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में कुशल प्रबंधन और अनेक नवाचारी तौर तरीकों को अपनाया गया है। जहाँ एक तरफ हाल के वर्षों में प्रदेश सरकार ने ईको विकास समितियों को प्रभावी ढंग से पुनर्जीवित किया है वहीँ वाटरहोल बनाने और घास के मैदानों के रखरखाव और वन्य-जीव निवास स्थानों को रहने लायक बनाने के अनेक कार्यक्रम समय समय पर भी चलाये हैं जिसका जमीनी असर अब दिखाई दे रहा है। इस बार बांधवगढ टाइगर रिजर्व ने बाघों की आबादी बढ़ाने में पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। यह भारत के बाघ संरक्षण के इतिहास में एक अनूठा उदाहरण है जिसकी दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती। सतपुड़ा बाघ रिजर्व में सतपुड़ा नेशनल पार्क, पचमढ़ी और बोरी अभ्यारण्य से कई गाँव को सफलतापूर्वक दूसरे स्थान पर बसाया गया है। यहाँ सोलर पंप और सोलर लैंप का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। वन्य जीव संरक्षण में अत्याधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करने की पहल करते हुए पन्ना टाइगर रिजर्व में "ड्रोन स्क्वाड" का संचालन किया जाता है। इससे वन्य जीवों की खोज, उनके बचाव, जंगल की आग का स्त्रोत पता लगाने और उसके प्रभाव की तत्काल जानकारी जुटाने, संभावित मानव-पशु संघर्ष के खतरे को टालने और वन्य जीव संरक्षण संबंधी कानूनों का पालन करने में मदद मिल रही है। प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों के कुशल प्रबंधन की मुख्य भूमिका है। जहाँ एक तरफ राज्य सरकार ने भी हाल के वर्षों में गाँवों का विस्थापन कर एक बड़े भू-भाग को जैविक दबाव से मुक्त कराया है वहीँ संरक्षित क्षेत्रों से गाँवों के विस्थापन के फलस्वरूप वन्य- प्राणियों के क्षेत्र का बड़ा विस्तार हुआ है। आज ये बड़े हर्ष की बात है कान्हा, पेंच और कूनो पालपुर के कोर क्षेत्र से सभी गाँव को विस्थापित किया जा चुका है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का बड़ा क्षेत्र भी आज जैविक दबाव से मुक्त हो चुका है। विस्थापन के बाद घास विशेषज्ञों की मदद लेकर स्थानीय प्रजातियों के घास के मैदान विकसित किये गए हैं, जिससे वन्य-प्राणियों को नए- नए आशियाने मिल रहे हैं। पूरे देश में मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व सबसे बेहतर श्रेणियों में शामिल हैं। वर्ष 2022 की मूल्यांकन रिपोर्ट कोआधार बनाएं तो मध्यप्रदेश के दो टाइगर रिजर्व कान्हा और सतपुड़ा उत्कृष्ट श्रेणी एवं पेंच, बांधवगढ़, पन्ना टाइगर रिजर्व को बहुत अच्छी श्रेणी और संजय टाइगर रिजर्व को अच्छी श्रेणी में रखा गया है। मध्यप्रदेश के विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में इस वर्ष फरवरी माह में जी-20 शिखर सम्मेलन में आए 20 देश के डेलीगेट्स ने पन्ना टाइगर रिजर्व में भ्रमण कर यहाँ बाघ संरक्षण के प्रयासों और प्रबंधन की सराहना की। विदेशी धरती से आये इन डेलीगेट्स के बीच मध्यप्रदेश को सराहना मिलने से हृदय प्रदेश का कद ऊँचा हुआ है। जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व, संवेदनशील पहल के परिणामस्वरूप आज मध्यप्रदेश में वन्य जीवों के आशियाने तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए हर स्तर पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विश्व वन्य-प्राणी निधि एवं ग्लोबल टाईगर फोरम द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों के अनुसार विश्व में आधे से ज्यादा बाघ भारत में हैं। खास बात ये है कि मध्यप्रदेश के कॉरिडोर से ही उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के बाघ रिजर्व आपस में जुड़े हुए हैं। प्रदेश में हाल के दिनों में 15 ऐसे वन क्षेत्रों में बाघों की सघन उपस्थिति देखी गई, जहाँ पहले कभी बाघ नहीं दिखे। इस लिहाज से देखें तो कहा जा सकता है देश का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश आज देश में बाघों के अस्तित्व के लिये अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व बाघ दिवस पर फिर से टाइगर स्टेट बनने को लेकर कहा कि मध्यप्रदेश के श्टाइगर स्टेटश होने पर उन्हें गर्व है। बाघों के संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिये हम और श्रेष्ठतम कार्य करें, ताकि टाइगर स्टेट का गौरव आगे भी हमारे पास रहे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की जनता को वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण में उनके सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से मध्यप्रदेश आज न केवल टाइगर स्टेट बना है बल्कि तेंदुआ, घड़ियाल और गिद्धों की संख्या में भी अव्वल प्रदेश बन चुका है। मध्यप्रदेश को प्रकृति ने हरित प्रदेश के रूप में मुक्त हस्त से संवारा है। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने वन्य प्राणी संरक्षण की दिशा में अनेक पहल करते हुए इसे समृद्ध प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिसके नतीजे आज टाइगर स्टेट के रूप में सबके सामने हैं।

**हर्षवर्धन पाण्डे (लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# याद ए हुसैन की याद में रक्तदान शिविर आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। याद ए हुसैन की याद में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सोमवार को नजदीकी ग्राम मजरा शीला मैं स्थित मदरसे में किया गया जिस का उद्घाटन समाजसेवी मोहम्मद अजीम द्वारा फीता काटकर किया गया। मजरा शीला ब्लड डोनेशन कैंप में उम्मीद फाउंडेशन की ओर से किच्छा एवं रुद्रपुर से मोहम्मद अकरम, मोहम्मद गुफरान वह मोहम्मद मोअज्जम, का भी विशेष सहयोग रहा वही सहयोगी टीम के शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड सेंटर रुद्रपुर के डॉक्टर इसरार अहमद, शारिक मलिक, दिनेश कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, सुरेंद्र कुमार एवं गोतम शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लगभग तीन दर्जन यूनिट ब्लड डोनेट किया गया वही रक्तदान शिविर में निरीक्षण के लिए थानाध्यक्ष राजेश पांडे भी मजरा शीला पहुंचे और सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। थाना अध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि रक्तदान महादान होता है धीरे-धीरे लोग इसका महत्व




समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल भी देखने को मिल रहा है। रक्तदान में समाजसेवी मोहम्मद आलम भी पहुंचे उन्होंने रक्तदान करने के बाद बताया कि वह 2009 से रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़े हुए हैं और याद ए हुसैन की याद में ब्लड डोनेशन कैंप गदरपुर में आज प्रथम बार अजीम के नेतृत्व में यह शिविर लगाया गया है। मोहम्मद आलम ने कहा कि हमको यह भावना जन जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है इससे लाखों लोगों की जिंदगी बच सकती है। रक्तदान करने के बाद समाजसेवी मजरा शीला निवासी शाकिर अली ने बताया कि आपको रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती है रक्तदान के लिए तो एक बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती है। रक्तदान करके मोहम्मद अमीन ने सभी से अपील भी की है कि रक्तदान महादान शिविर कही भी लगे जरूर शामिल हो और किसी की जिंदगी को बचाने में अपना सबसे महत्वपूर्ण योगदान दें। इस दौरान कारी महफूज अली, मोहम्मद आलम, अलीम खान, अकरम खान, गुफरान खान, संदीप चावला, इमरान सैफी, इरशाद अंसारी, अंकित मुरादिया, नमन कुमार, डॉक्टर सोनू विश्वास, डॉक्टर मोहम्मद आरिफ, अयूब अंसारी और मामू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रक्तदान से नहीं होता नुकसान : मो.अजीम

गदरपुर। मो. अजीम ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है, लेकिन बीमार के लिए रक्तदान नए जीवन की आशा है इसलिए उसके जीवन को वापस देने के लिए रक्तदान अवश्य करें मोहम्मद अजीम ने बताया कि ब्लड डोनेट करने से कोई नुकसान नहीं होता है, उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है और महिलाएं हर 4 महीने में अपना ब्लड डोनेट कर सकती हैं। मोहम्मद अजीम ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन चार महीने के बीच में ही क्यों रक्तदान किया जाए इसका कारण है कि शरीर में मौजूद रेड ब्लड सेल्स यानी लाल रक्त कणिकाएं जो 3 से 4 महीने के अंदर खुद ही खत्म हो जाती हैं इसलिए इतने महीने की अंतराल में ब्लड डोनेट करने की सलाह दी जाती है, उमर अली ने जानकारी देते हुए बताया की एक यूनिट में 350 मिलीग्राम खून लिया जाता है जिसकी कमी शरीर में 24 घंटे में पूरी हो जाती है।वहीं बी एन वाई एस डॉक्टर मोहम्मद आरिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसे कुछ समय पहले मलेरिया हुआ हो तो 3 महीने तक ब्लड डोनेट न करें।हाल ही में टाइफाइड से ठीक हुए हैं, तो अगले 12 महीने तक ब्लड डोनेट न करें।टीबी पेशेंट को इलाज पूरा होने के बाद 2 साल तक ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए।कोई बड़ी सर्जरी हुई हो, वो 12 महीने तक और छोटी सर्जरी के बाद 6 महीने तक ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। महिलाओंको पीरियड्स के दौरान ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए!। अबॉर्शन यानी गर्भपात कराने के बाद 6 महीने तक ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए।बच्चा जब तक मां का दूध पीता है, मां ब्लड डोनेट नहीं कर सकती है ब्लड डोनर को ऐसी कोई बीमारी नहीं होनी चाहिए, जो ब्लड ट्रांसफ्यूजन से फैल सकती हो। एक्यूट रेस्पिरेटरी बीमारी हैं तब भी ब्लड डोनेशन से बचेंनाइट शिफ्ट करने के दूसरे दिन रक्तदान न करें। शराब या किसी भी तरह का नशा करने के बाद खून न दें।

# मांगे राम अग्रवाल की पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को डोईवाला में उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय मांगेराम अग्रवाल की 20वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशिष्ट जन सम्मान, वृक्षारोपण एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज बहुत ही गर्व, सम्मान और आनंद की अनुभूति हो रही है क्योंकि आज हम एक ऐसी आत्मा का स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने सेवा के मार्ग पर चलकर अपना जीवन जिया और सबको प्रेरणा का मार्ग दिखाया। स्वर्गीय मांगेराम जी ने समाज सेवा के साथ-साथ अपने परिवार में भी उच्च संस्कारों का पोषण किया है। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय मांगेराम जी ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डोईवाला में विद्यालय निर्माण के लिए अपनी भूमि दान दी और स्वयं के संसाधनों से भवन निर्माण करवाकर ग्रामीण इलाकों में विद्यालय खुलवाये। आज वह विद्यालय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज के रूप में शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय मांगेराम जी स्वयं समरसता के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनका जीवन असंख्य लोगों के लिए एक प्रेरणा का केंद्र बिंदु है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे शास्त्रों में भी बताया गया है कि कोई भी व्यक्ति अपने माता-पिता के पुण्य से गुण, शील, शिक्षा और योग्यता प्राप्त करता है। यह विचार मांगेराम जी और उनके सुपुत्रों पर बिल्कुल सही बैठता है। कार्यक्रम के अवसर पर निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर कैलाशानन्द गिरी जी महाराज, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं बैंकर्स को सीएम ने किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में स्वनिधि परिवार के लाभार्थियों के साथ संवाद किया और स्वनिधि के लाभार्थियों एवं स्वनिधि के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले बैंकर्स एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों को 09 प्रतिशत अनुदान मिलने के बाद जो 3 से 4 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता है, आने वाले समय में यह भी राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने शहरों और कस्बों में वित्तीय समावेशन और डिजिटल साक्षरता की एक नई लहर चलाई है। जिससे रेहड़ी-पटरी व फेरी वालों के जीवन को गरिमा और स्थायित्व मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज गरीब बैंक से लोन भी ले रहे हैं और ईमानदारी से इसे चुका भी रहे हैं। अभी तक इस योजना के तीनों चरणों में 22 हजार से अधिक फेरी व्यवसायियों को 31 करोड़ रूपये का ऋण वितरित हो चुका है। इस अवसर पर मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्री अरविन्द पाण्डेय, विधायक श्री अनिल नौटियाल, श्री भूपाल राम टम्टा, श्री सुरेश गड़िया, श्री मोहन सिंह मेहरा, श्री प्रमोद नैनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# विद्या मंदिर इण्टर कालेज में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सितारगंज में रविवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल जी, मुख्य अतिथि श्रीमति कमलेश्वरी शुक्ला एवम प्रधानाचार्य उमराव सिंह मनराल ने दीप प्रज्वलन कर किया। अभिभावकों द्वारा भैया बहिनों के सर्वांगीण विकास के संदर्भ में अनेक बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें अभिभावक राजेश यादव, रामाशंकर, कुलबीर कौर, अनीता, वीरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर, सुनील पांडे, रामनाथ साहनी, नारायण सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, गंगा देवी व सुभाष सक्सेना जी ने अपने सुझाव रखे। विद्यालय के आचार्य श्री अरविंद शर्मा, श्रीमती गीता परिहार जी ने अनुशासन व विद्यालय की आंतरिक गतिविधियों पर चर्चा की। डॉ लोकेश गंगवार ने शिक्षण व्यवस्था पर प्रकाश डाला। अभिभावक एवं पूर्व प्रधानाचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिसौना श्री यादराम जी ने बोर्ड परीक्षा 2023 में आठ भैया-बहिनों के राज्य वरीयता सूची में चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन का धन्यवाद किया। श्रीमती कमलेश्वरी शुक्ला जी ने माताओंऔर बहनों से अपने पाल्यों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। श्रीमती पवित्रा राणा जी ने परिवार को संतुलित बनाए रखने के लिए दिन का एक वक्त का भोजन साथ मिलकर करने पर जोर दिया एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार पर ध्यान देने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उमराव सिंह मनराल जी ने विद्या भारती के लक्ष्य व भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री राजकुमार चौहान जी, कोषाध्यक्ष श्री नवीन कुमार गोयल जी उपिस्थित रहे। प्रबन्धक श्री राज कुमार चौहान जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। आचार्य श्री दिनेश मिश्रा, सुनील पाठक, दिनेश गंगवार, वेद प्रकाश, ओमकार शर्मा, कुलदीप चौहान, यशपाल, अरविंद शर्मा, तनुज जोशी, कुमारी आशा, अक्षय कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन श्रीमान रमेश जोशी जी ने किया।





# सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल ऊधम सिंह नगर के पदाधिकारियों की एक आपातकाल बैठक बहुउद्देश्यीय कालाढूंगी किसान सेवा सहकारी समिति जिला नैनीताल में आयोजित हुई। बैठक में नैनीताल जिले की सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने संगठन के पदाधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा उनसे अपनी समस्याओं का समाधान कराने की गुहार लगाई। जिस पर संगठन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सभी कर्मचारियों की समस्याओं का तुरंत समाधान कराया जाएगा। जिसके लिए सहकारिता विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि सभी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करे व अपनी अपनी सामिति को अधिक से अधिक लाभ पर लाने का हर संभव प्रयास करे। प्रकाश जोशी ने बताया कि जिस तरह ऊधम सिंह नगर जिले के जिला सहायक निबंधक से मुलाकात कर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया था इसी तरह नैनीताल जिले के जिला सहायक निबंधक से भी जल्द ही बैठक हेतु समय निर्धारित कर मुलाकात की जाएगी। संगठन के मीडिया प्रभारी पंकज अरोरा ने बताया कि बैठक में सचिव शुभम सिंह, रमेश जोशी, हरीश जोशी, लक्ष्मण सिंह, सचिन कुमार, बलवंत रावत, चेतन बमेटा, रमेश चंद, संजय चौधरी, देवी दत्त, आदि कर्मचारी मौजूद थे।



# सड़क के लिए प्रभारी मंत्री से मिले किच्छा के लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के वार्ड नं. 12, नूरी मस्जिद के वाशिंदों ने सभासद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की और उन्हें सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वार्ड न0-12 में डॉ० महबूब की दुकान से शाकिर अंसारी के मकान तथा नवीजान के मकान के पास तक टाईल्स सड़क तथा नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। लेकिन निर्माण नहीं हो पाया है। कुछ लोग स्वीकृत सड़क के निर्माण में अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न कर रहे है। वर्तमान मे स्वीकृत सड़क पर वर्षात होने के कारण जल भराव हो जाता है जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों ने जनहित में स्वीकृत सड़क का निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मो. अहमद, अनवार, याकूब, लईक, राजू, इंतजार, विक्की, नजीम, बाबू, दिलशाद, नशीम, कालू, मजीद, शराफत आदि शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**लाखों की चोरी...**साबरी के टाल के सामने मौ० अल्लीखां, अजय यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी यादव सभा मौ० कटरामालियान, हनी कश्यप पुत्र सुखदेव कश्यप निवासी अनीश पान वाली गली मौ० बासफौडान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चारों ने दुकान से मोबाइल चोरी एवं घर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का एक इन्वटर,तीन स्टपलाईजर,एक बैटरा,एक डीवीआर,एक एलईडी सैमसंग, दो अदद वाल फेन, एक लोहे का दरवाजा,न्यू कश्मीरी हाउदस के कुल 85 पाली बैग एक मोबाइल रेडमी 11 के अलावा दो तमंचे, दो जिन्दा कारतूस और दो अदद चाकू बरामद किये गये। गिरफ्तार किये गये आरोपी पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस उनकी कुंडली खंगाल रही है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्ष मनोज जोशी, उपनिरीक्षक सुनील सुतेड़ी, कपिल काम्बोज, दीपक जोशी, कांस्टेबल अनिल कुमार, तारा चन्द्र, कैलाश चन्द्र, जगदीश भट्ट, सुरेन्द्र सिंह,हरजीत सिंह,निशार आदि शामिल रहे।

**दून में महिला...**चीज से वारकर हत्या कर दी। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा कर सकती है। मामले में पुलिस ने पास ही स्थित सुलभ शौचालय के एक कर्मचारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस आस पास के सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। बताया गया है कि पुलिस को मामले में अहम सुराग मिल चुके हैं। शाम तक घटना का खुलासा किया जा सकता है।

**पत्नी की हत्या करने...**बताया दोनो पति पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था तथा पत्नी के चाल चलन पर काफी समय से उसे शक होने के कारण उसने 28 जुलाई की शाम को नहाने के लिये खेत में पहुचकर पुनः झगड़ा होने पर मौका पाकर अपने पास रखे कपड़े के परने से गला घोटकर जसवीर कौर की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कपड़े के परने को भी बरामद किया है। इस सम्बन्ध में परमजीत को धारा 302 भादवि में गिरफ्तार न्यायालय पेश किया है। खुलासा करने वाली टीम में कोतवाल भूपेन्द्र बृजवाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरविंदर सिंह, प्रभारी चौकी सरकड़ा, विक्रम सिंह धामी, सोनिका जोशी, जितेन्द कुमार, हेड कांस्टेबल नरेन्द्र यादव, कांस्टेबल अशोक बोरा, मनोज जोशी आदि शामिल रहे।

**ट्रन में आरपीएफ ...**ड्यूटी पर तैनाती थी। आरोपी कांस्टेबल ने सर्विस हथियार से हमला किया था। यात्रियों के अनुसार जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन के बी-5 कोच में यह फायरिंग हुई। आरोपी जवान चेतन को मानसिक तनाव में बताया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ कांस्टेबल और उसके सीनियर एएसआई में किसी बात को लेकर तनातनी और कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद कांस्टेबल ने गुस्से में आग बबूला होकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यात्रियों के मुताबिक वापी से बोरीवली मीरा रोड स्टेशन के बीच फायरिंग की घटना हुई। इस घटना से ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। पैसेंजर्स अपनी जान बचाने के लिए अन्य बोगियों में भागने लगे।

**युवती ने फांसी...**का पता लगाया जायेगा। परिजनों ने बताया कि राधा पिछले कुछ दिनों से गुमसुम सी रह रही थी। कई बाद उससे इसका कारण भी पूछा लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। रात्रि में उसने फांसी लगा ली। राधा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**घर में घुसकर...**का हाथ कट गया। शोर मचाने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**चोरी की दो बाइकों...**अन्य स्थानों से भी मोटरसाइकिल चोरी की पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक राजेंद्र के अलावा दीपक वोहरा, जगमोहन आदि शामिल रहे।

# कैंची धाम पहुंची भाजपा नेत्री अपर्णा यादव



नैनीताल(उद संवाददाता)। भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने नैनीताल स्थित कैंची धााम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने ध्यान भी लगाया।भाजपा ने नेत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव शनिवार को विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने धाम में ध्यान भी लगाया।भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही अपर्णा यादव रामगढ़ के बोहाराकोट के सरपंच भुवन दरमवाल के आवास पर पहुंची। उन्होंने कहा कि उन्हें शांत वादियां पसंद हैं और उनका यहां से बेहद लगाव रहा है।

# सब्जियों के दामों में लगातार उछाल

देहरादून। शहर में टमाटर के दाम फिर बढ़ गए हैं। फुटकर में टमाटर 150 से 160 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है। अन्य सब्जियों के दामों में भी लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। वहीं, लोगों को महंगे दामों से राहत देने के लिए जिला प्रशासन का अभियान भी अब सुस्त पड़ गया है। दरअसल बारिश का क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। फसल खराब होने और रास्ते बंद होने के कारण मंडी में टमाटर की आवक घट गई है। पूरे देश में टमाटर की कमी के कारण बाहर से भी टमाटर दून मंडी में नहीं पहुंच पा रहा है। इससे एक बार फिर से टमाटर के दाम आसमान छूने लगे हैं। वहीं, अन्य सब्जियों के दामों में भी लगातार उछाल आने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। जिला प्रशासन की ओर से दुकानों पर लगाई गई मूल्य सूची भी गायब हो गई है। सचिव मंडी विजय थपलियाल ने बताया कि बारिश के कारण पहाड़ों से पर्याप्त मात्रा में टमाटर और सब्जियां नहीं पहुंच पा रही हैं। इसका असर दामों पर पड़ रहा है। फुटकर में सब्जियों के दाम फिर बढ़े है। टमाटर, 150 से 160 रुपये तोरई, 20 से 30 रुपये भिंडी, 30 से 40 रुपये अदरक, 280 रुपये करेला, 50 से 60 रुपये किग्रा बिक रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


# काशीपुर रोड पर
# बड़ी कॉलोनी के बीचों-बीच
# फार्म हाउस हेतु एक बड़ा प्लॉट उपलब्ध है।



CONSTRUCTING HAPPINESS







## आस पास निर्माणाधीन मकान

- रजिस्ट्री, दाखिल खरिज एवं 143 प्लॉट
- कॉर्नर का प्लॉट
- 4 खूबसूरत पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- कॉलोनी में दर्जनों परिवार निवासरत

**86504-18000 / 86501-18000**